

## खबर संक्षेप

### सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने लूटी वाहवाही

**जशपुरनगर।** श्री महावीर दिगंबर जैन विद्यालय द्वारा आयोजित विन्टर कार्निवाल एवं फन मेला 2025 का दूसरा दिन उत्साहपूर्ण और रचनात्मक माहौल में संपन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जैन समाज के वरिष्ठ सदस्य महावीर प्रसाद जैन तथा विशिष्ट अतिथि सुरेश कुमार जैन रहे। मुख्य अतिथि महावीर प्रसाद जैन ने कहा कि ऐसे रचनात्मक आयोजन विद्यार्थियों की प्रतिभा संवर्धन में अत्यंत सहायक होते हैं। उन्होंने कहा आज के बच्चे ही कल का भविष्य हैं। विद्यालय द्वारा किया गया यह आयोजन प्रेरणादायक एवं अनुकरणीय है। समापन दिवस के कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जय कुमार जैन तथा विशेष अतिथि भागचंद जैन उपस्थित रहे। कार्यक्रम में समाज के वरिष्ठजन, कार्यकारिणी सदस्य डिंपल बढ़जातिया, प्रदीप कुमार, प्रकाश चंद जैन सहित विद्यालय परिवार के सभी सदस्य मौजूद रहे। कार्निवाल में छात्रों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए, जिन्हें दर्शकों ने खूब सराहा। कार्यक्रम में रंगोली प्रतियोगिता, अल्पना प्रतियोगिता, फूड स्टॉल, गेम स्टॉल, साइंस मॉडल प्रदर्शनी, आर्ट एंड क्राफ्ट गैलरी, सेल्फी कॉर्नर और कूपन कॉर्नर विशेष आकर्षण रहे।

### जीवन में आगे बढ़ने के लिए करें पढ़ाई और लक्ष्य पर फोकस

**जशपुरनगर।** शासकीय महाविद्यालय,दुलदुला के राष्ट्रीय सेवा योजना का सात दिवसीय शिविर सुरम्य वादियों पहाड़ों और घने जंगलों के बीच स्थित हाई स्कूल, चटकपुर में 14 से 20 नवंबर नवंबर तक आयोजित किया जा रहा है। सात दिवसीय प्रशिक्षण शिविर में बौद्धिक परिचर्चा में मुख्य वक्ता के रूप में राजस्व विभाग की ओर पूर्व अध्यक्ष छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन नेहरू सोनी ने भाग लिया। श्री सोनी ने शिविर में भाग लेने वाले महाविद्यालय के छात्र और छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि आपको जीवन में आगे बढ़ने के लिए पढ़ाई और लक्ष्य पर फोकस करना चाहिए। इस अवसर पर पूर्व प्रधान पाठक और पेंशनर संघ के सचिव वरिष्ठ नागरिक आई.तिग्गा ने वक्ता के रूप में महाविद्यालय के छात्र छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि मनुष्य का जीवन एक संघर्ष पूर्ण जीवन है, हमें अपने दिनचर्या का टाइम टेबल बनाना चाहिए तभी हम आगे बढ़ सकेंगे। प्रशिक्षण शिविर के बौद्धिक परिचर्चा का सफल संचालन प्रोफेसर हेमलाल रात्रे ने किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के मुख्य लिपिक विकास तिवारी और महाविद्यालय के शिविरार्थी छात्र और छात्राओं ने उत्साह से भाग लिया।

### किसान गंगाराम धान के पैसों से खरीदेंगे वाहन

**जशपुरनगर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के निर्देशानुसार प्रदेशभर में 15 नवम्बर से धान खरीदी का कार्य सुचारू रूप से प्रारंभ हो गया है। जशपुर जिले में खरीफ विपणन वर्ष 2025–26 हेतु धान खरीदी का शुभारंभ गम्हरिया चौक स्थित धान खरीदी केंद्र में सांसद श्री राधेश्याम राठिया द्वारा किया गया। शुभारंभ अवसर पर ग्राम झीलिंग के किसान गंगा यादव ने सर्वप्रथम अपना धान विक्रय किया। किसान गंगा यादव ने बताया कि उन्होंने पिछले वर्ष लगभग 150 क्विंटल धान समर्थन मूल्य पर बेचा था, जिससे प्राप्त लाभ से उन्होंने एक दुकान की शुरुआत कर आर्थिक रूप से प्रगति की। उन्होंने कहा कि इस वर्ष वे वाहन क्रय करने की योजना बना रहे हैं। श्री यादव ने शासन द्वारा खरीदी केंद्रों में की गई सुविधाओं की सराहना करते हुए कहा कि केंद्र में सभी व्यवस्थाएँ सुव्यवस्थित रूप से उपलब्ध हैं, जिससे किसानों को किसी प्रकार की असुविधा नहीं होगी।

## बिरसा मुंडा की 150 वीं जयंती पर मना जनजातीय गौरव दिवस

# युगों-युगों में विरले ही जन्म लेते हैं भगवान बिरसा मुंडा जैसे महानायक

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

भगवान बिरसा मुंडा के 150 जयंती पर आयोजित जनजातीय गौरव दिवस के अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुजरात से जिले में जनजातीय क्षेत्रें के विकास हेतु वर्चुअली 129.15 करोड़ से अधिक की लागत के विकासकार्यों का लोकार्पण, भूमिपूजन और शिलान्यास किया। जिले में रणजीता स्टेडियम में आयोजित इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सांसद राधेश्याम राठिया और विधायक रायमुनी भगत एवं गोमती साय सहित अन्य अतिथियों ने छत्तीसगढ़ महतारी, भगवान बिरसा मुंडा और शहीद वीर नारायण सिंह की छायाचित्र पर दीप प्रज्वलित एवं पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया।

■ सांसद ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की पाती का किया वाचन

इस अवसर पर शहीद वीर नारायण सिंह लोक कला महोत्सव एवं उत्तर छत्तीसगढ़ क्षेत्र जनजातीय लोक नृत्य महोत्सव 2025 का आयोजन हुआ। इस मौके पर पद्म जागेश्वर यादव, छत्तीसगढ़ माटी कला बोर्ड के अध्यक्ष शंभूनाथ चक्रवती, कृष्ण कुमार राय, नगर पालिका जशपुर अध्यक्ष अरविंद भगत, जनपद पंचायत अध्यक्ष जशपुर गंगाराम, जिला पंचायत उपाध्यक्ष शौर्य प्रताप सिंह जूदेव, नगर पालिका जशपुर उपाध्यक्ष यश प्रताप सिंह जूदेव, कलेक्टर रोहित व्यास, जिला पंचायत सीईओ अभिषेक कुमार, अपर कलेक्टर प्रदीप कुमार साहू, सहायक आयुक्त आदिवासी विभाग संजय सिंह सहित जनप्रतिनिधि, अधिकारी कर्मचारी और बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे। इस अवसर पर



**लोक नृत्य ने मोहा मनः** हर विकासखंड से उत्तर छत्तीसगढ़ क्षेत्र जनजातीय लोक नृत्य महोत्सव से 1–1 और शहीद वीर नारायण लोक कला महोत्सव नृत्य प्रतियोगिता के तहत 1–1 नर्तक दलों ने आकर्षक प्रस्तुति दी। विकासखंड से सरना करमा नृत्य दल बालाछापर और आदिवासी सांस्कृतिक लोक नृत्य दल, कोमड़ो। मनोरा विकासखंड से आदिवासी नृत्य दल सोगड़ा और करमा नृत्य दल बुमतेल। दुलदुला विकासखंड से करमा नृत्य दल दुलदुला और करमा नृत्य दल लोरा। कुनकुरी विकासखंड से करमा नृत्य दल घटमुण्डा और करमा नृत्य दल बरडाँड। फरसाबहार विकासखंड से आदिवासी पारंपरिक करमा लोक नृत्य दल बनगाँव और आदिवासी पारंपरिक करमा लोक नृत्य, पण्डरीपानी। कांसाबेल विकासखंड से जयमाता दी करमा नृत्य पाटएँ, टाटीडाँड और करमा दल खुटेरा। बगीचा विकासखंड से आदिवासी करमा दल और नटकेला आदिवासी करमा दल टट्केला। पत्थलगांव विकासखंड से आस्था लोक नृत्य पाटएँ, माकरचुंवा (तरेकेला) और भूमरी मितान लोक नृत्य कोकियाखार ने प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय सन्ना के छात्रें ने सरस्वती वंदना और देवार करमा लोक नृत्य की शानदार प्रस्तुति दी। वही एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय दुढरुडांड़ और एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय घोलेंगे के छात्रें द्वारा प्रस्तुत सामूहिक लोक नृत्य और पूर्णिमा डांस ग्रुप द्वारा प्रस्तुत आकर्षक नृत्य ने सभी का मन मोह लिया।

सांसद राधेश्याम राठिया ने भगवान बिरसा मुंडा के योगदान को याद किया और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के पाती का वाचन किया।

इस अवसर पर विधायक गोमती साय ने अपने संबोधन में देश की आजादी के लिए भगवान बिरसा मुंडा द्वारा किए गए अमूल्य योगदान को नमन करते हुए कहा कि ऐसे महानायक युगों–युगों में विरले ही जन्म लेते हैं। उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता संग्राम में असंख्य आदिवासी वीरों ने अपने प्राणों की आहुति देकर राष्ट्र को आजाद कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है, जो हम सभी के लिए सदैव प्रेरणास्त्रोत रहे हैं। श्रीमती साय ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भगवान बिरसा मुंडा के सम्मान में धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान की शुरुआत कर आदिवासी क्षेत्रें के सर्वांगीण विकास हेतु अनेक योजनाएँ क्रियान्वित की हैं। उन्होंने कहा कि भारत रत्न, भूतपूर्व प्रधानमंत्री स्वगएँय अटल बिहारी वाजपेयी ने जनजातीय मंत्रलय का गठन कर जनजातीय समाज के उत्थान के लिए अनेक दूरदशएँ योजनाओं का मार्ग प्रशस्त किया था, जिनका लाभ आज भी जनसमुदाय प्राप्त कर रहा है। विधायक श्रीमती भगत ने अपने उद्बोधन में भगवान बिरसा मुंडा के अद्वितीय संघर्ष और राष्ट्र के प्रति उनके योगदान को याद करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता संग्राम में उनका योगदान अमूल्य है, जो आने वाली पीढ़ियों को सदैव प्रेरित करता रहेगा। उन्होंने शहीद वीर नारायण सिंह सहित अनेक आदिवासी महानायकों के बलिदान को नमन किया और देश की एकता व अखंडता के लिए सभी को एकजुट रहने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि यदि हम सभी एक साथ मिलकर कार्य करें, तो प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी द्वारा संकल्पित विकसित भारत के लक्ष्य को अवश्य ही साकार किया जा सकता है। कलेक्टर श्री रोहित व्यास ने इस अवसर पर अपने प्रतिवेदन में जिले के जनजातीय क्षेत्रें में किए जा रहे विकास कार्यों का विस्तार के उल्लेख किया। सांसद श्री राठिया सहित अन्य अतिथियों ने जनजातीय समुदाय के अमर बलिदानियों को श्रंद्धाजलि अर्पित की। सांसद श्री राठिया सहित अन्य अतिथियों ने इस अवसर पर अमर बलिदानी शम्भुघन फूंगलो असम, तामा डोरा ओडिशा, डेलन शाह मध्यप्रदेश, यू कियांग नोंगबा मेघालय, रेंडो मांझी उड़ीसा, चक्र बिशोई उड़ीसा, भीमा नायक ⏭ शेष पेज 4 पर

# दुष्कर्म केस में लापरवाही भारी पड़ी, कोतवाली टीआई सस्पेंड

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर



नाबालिग से दुष्कर्म जैसे संवेदनशील प्रकरण को हल्के में लेना कोतवाली पुलिस को महंगा पड़ गया। परिजनों की शिकायत के बाद भी एफआईआर दर्ज करने में हुई देरी पर एसएसपी शशि मोहन सिंह ने सिटी कोतवाली प्रभारी निरीक्षक आशीष कुमार तिवारी को तत्काल प्रभाव से निलंबित करते हुए लाइन अटैच कर दिया। आदेश जारी होते ही जिले के पुलिस महकमे में हलचल मच गई।

जशपुर कोतवाली क्षेत्र की एक नाबालिग बालिका से दुष्कर्म एवं छेड़छाड़ का मामला सामने आने के बाद भी समय पर अपराध पंजीबद्ध न करने को एसएसपी ने गंभीर लापरवाही मानते हुए कड़ी कार्रवाई की है। निलंबन अवधि में निरीक्षक तिवारी को रक्षित केंद्र जशपुर में सम्बद्ध किया गया है। इस दौरान उन्हें नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ता मिलेगा। निरीक्षक तिवारी के विरुद्ध प्राथमिक जांच संस्थित की गई है, जिसका दायित्व एसडीओपी जशपुर चंद्रशेखर परमा को सौंपा गया है। उन्हें सात दिवस के भीतर जांच पूर्ण कर रिपोर्ट वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को प्रेषित करनी होगी।

### आरोपी की तलाश में जुटी पुलिस

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शशि मोहन सिंह ने कहा कि प्रथम दृष्टया टीआई का व्यवहार बेहद असंवेदनशील रहा। इसलिए तत्काल निलंबन के साथ जांच आवश्यक थी। उन्होंने बताया कि दुष्कर्म का आरोपी फरार है और उसकी पतासाजी कर जल्द गिरफ्तारी सुनिश्चित की जाएगी।

### दूसरे मामले में फरार आरोपी पकड़ा गया

शादी का झांसा देकर युवती से दुष्कर्म के मामले में दो साल से फरार स्थाई वारंटी को आखिरकार पुलिस की पकड़ में आ ही गया। तपकरा क्षेत्र में की गई घेराबंदी के दौरान आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश कर दिया गया है। थाना तुमला क्षेत्र का यह मामला वर्ष 2022 का है, जहां 27 वर्षीय युवती ने आरोपी रामेश्वर उर्फ रमेश सिंह के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई थी। आरोप था कि युवक ने "शादी करूंगा" कहकर उसके साथ दुष्कर्म किया और गर्भवती होने पर शादी से इंकार कर दिया। मामले में पुलिस ने आरोपी को वर्ष 2022 में गिरफ्तार कर जेल भेजा था, लेकिन न्यायालय से जमानत मिलने के बाद से वह लगातार फरार चल रहा था। कोर्ट के कई नोटिसों के बाद भी वह पेश नहीं हो रहा था, जिसके बाद उसके खिलाफ स्थाई वारंट जारी हुआ था। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शशि मोहन सिंह के निर्देश पर टीम ने तत्काल घेरा डालकर आरोपी को दबोच लिया। आरोपी की उम्र 28 वर्ष बताई गई है।

# मुख्यमंत्री की घोषणा के एक साल बाद भी कोतबा में अपेक्स बैंक की नहीं हुई स्थापना

**कोतबा।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने नवंबर 2024 को बागबहार में आयोजित फुटबॉल प्रतियोगिता के फायनल में कोतबा क्षेत्र की बहुप्रतीक्षित मांग अपेक्स बैंक खोलने की घोषणा की थी, लेकिन एक साल बाद भी इसकी स्थापना नहीं हुई है। इससे किसानों को परेशानी हो रही है। खासकर जब आनन फानन में 2500 किसानों के बैंक खाते पत्थलगांव से फरसाबहार अपेक्स बैंक में ट्रांसफर कर दिए गए हैं। किसानों का कहना है कि आदिमजाति सेवा सहकारी समिति के और किसानों के जानकारी के बैगैर यह कार्य हुआ है.किसानों का कहना है कि फरसाबहार में अपेक्स बैंक के घोषणा कोतबा के छः माह बाद किया गया था बावजूद उसके वहाँ अपेक्स बैंक की स्थापना कर दी गई.उसके साथ ही उनके जानकारी के बैगैर बैंक खातों का ट्रांसफर कर दिया गया।

ऐसे में किसानों का कहना है कि मुख्यमंत्री कोतबा क्षेत्र के लोगों के साथ विकास कार्यों में छलावा करते हैं. उल्लेखनीय हो कि भाजपा के वरिष्ठ नेता उमाशंकर भगत,पूर्व भाजपा मंडल अध्यक्ष सवारियां अग्रवाल,सुदर्शन पटेल,सकीला कंवर,श्याम साहू,अजय गुप्ता,रवि आपट सहित बड़ी संख्या में लोगों के इस बहुप्रतीक्षित मांग की थी.जिस पर मुख्यमंत्री ने तत्काल मुहर लगाकर घोषणा कर दी थी.उस दौरान कोतबा क्षेत्रवासियों ने देर शाम कोतबा बस स्टैंड में पहुँचकर आतिशबाजी कर मिठाई बांटकर जश्न मनाया था। उस दौरान उन्होंने कोतबा के लंबे समय की मांग को पूरी को विकास का मिल का पत्थर बताया था.और अब उन्हें 50 किलोमीटर दूर नही जाने की बात कही थी।किसानों का कहना है कि अब तक उनके खातों के रकबों का सुधार नही हुआ है.उसके बाद बैंक के नही खुलने और उन्हें अन्यंत्र बैंक पर आश्रित करने पर भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। मुख्यमंत्री की घोषणा ने कोतबा में अपेक्स बैंक खोले जाने की बात से उत्साहित थे, जिससे स्थानीय किसानों को लाभ मिल सके। लेकिन अभी तक इसकी स्थापना नहीं हुई है, जिससे किसानों को परेशानी हो रही है। वर्तमान समय में किसानों का कहना है कि किसानों को अपने खातों को संभालने में परेशानी हो रही है, क्योंकि उनके खाते पत्थलगांव से फरसाबहार अपेक्स बैंक में ट्रांसफर कर दिए गए हैं। इससे उन्हें अपने पैसे निकालने सुविधाविहीन होकर दूर जाना पड़ रहा है।

### शीघ्र मिलेगा लाभ

इस संबंध में जिले के प्रशासनिक अधिकारी और जनप्रतिनिधियों से चर्चा कर अवगत कराया गया है। रिजर्व बैंक की अनुमति के बगैर कार्यवाही रुकी हुई है। जल्द ही क्षेत्र के किसानों को अपेक्स बैंक की शाखा का लाभ मिलेगा।

**–सवारियां अग्रवाल,** पूर्व मंडल अध्यक्ष भाजपा

### जल्द होगी स्थापना

किसानों की मांग जायज है। मुख्यमंत्री की घोषणा को लेकर हम लोग सजग हैं। रिजर्व बैंक की अनुमति की बातें अधिकारियों ने बताई है। मामले को लेकर मुख्यमंत्री को अवगत कराया गया है। जल्द ही बैंक की स्थापना होगी।

**–जागेश्वर यादव,** भाजपा मंडल अध्यक्ष






**जिला प्रशासन क्रिकेट खेलने के लिए बालिकाओं को हरसंभव सहायता उपलब्ध कराया जाएगा**

# कलेक्टर ने किया ईचकेला की क्रिकेट खिलाड़ी बालिकाओं को प्रोत्साहित

**जशपुरनगर।** कलेक्टर रोहित व्यास ने रविवार को जशपुर विकास खंड के ग्राम ईचकेला पहुंचकर क्रिकेट खिलाड़ी बालिकाओं का उत्साहवर्धन किया और राज्य स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता में गोल्ड मेडल मिलने पर अपनी हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी। उन्होंने बालिकाओं प्रोत्साहित करते हुए कहा कि जशपुर जिले के बच्चे हर क्षेत्र में बेहतर प्रदर्शन कर रहे हैं। खेल में भी जशपुर के बच्चे बहुत आगे है कोई सा भी खेल हो क्रिकेट हो फुटबाल, दौड़ हो सभी में बढ़िया प्रदर्शन रहता है।

अनुसूचित जनजाति बच्चे हुनरमंद रहते हैं और उनकी प्रतिभा उन्हें आगे बढ़ाती है। जिला प्रशासन बालिकाओं को खेल के क्षेत्र में आगे बढ़ाने के लिए हरसंभव सहायता करेंगी बच्चों को खेलने के लिए अच्छा खेल अभ्यास मैदान की भी सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। बच्चों को बेट बाल बालिंग मशीन एवं बच्चों की मांग अनुसार जिला प्रशासन खेल सामग्री देंगी। उन्होंने बच्चों को राष्ट्रीय स्तर में अपनी प्रतिभा दिखाने के लिए प्रोत्साहित किया।



उन्होंने कहा कि शासकीय प्री मैट्रिक कन्या छात्रवास इचकेला के अधीक्षिका पंडरी बाई की क्रिकेट के प्रति जुनून और लगातार प्रयास से क्रिकेट का कोचिंग 3–4 साल से लगातार दिलाया जा रहा है। जिसका परिणाम अभी अंडर 17 के बच्चों ने गोल्ड मेडल प्राप्त किया। कोच संतोष कुमार और शंकर सोनी की लगातार मेहनत का नतीजा है कि जिले के बच्चे पूरे छत्तीसगढ़ में पहला स्थान प्राप्त किए है। ये सफलता जशपुर के लिए बहुत गौरव की बात। सरगुजा संभाग से आकांक्षा रानी ने सर्वाधिक स्कोर किया एवं बोलिंग में नीतिका, गायत्री और अलका रानी ने बोलिंग में अच्छा प्रदर्शन किया। इस अवसर पर डिप्टी कलेक्टर हरिओम द्विवेदी, सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग संजय सिंह , सरपंच पंच और अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे। उल्लेखनीय है कि 25 वीं स्कूल राज्य अंडर 17 गर्ल्स क्रिकेट टूर्नामेंट 6–9 नवंबर को कांकेर में हुआ। पूरे छत्तीसगढ़ से इनमें 5 ज़ोन रायपुर, दुर्ग, बस्तर, बिलासपुर और सरगुजा ने भाग लिया। इस टूर्नामेंट में सभी टीमों को हराकर सरगुजा ज़ोन ने गोल्ड मेडल जीता। सरगुजा टीम में लुथरन स्कूल इचकेला के खिलाड़ियों का काफी योगदान रहा, जिसमें आकांक्षा रानी, अमिषा लकड़ा, जिज्ञासा कुजुर, अनन्या सिदार, गायत्री बाई, अभिलाषी बरा, अविना बाई, झूमुर तिकएँ, दीपिका भगत, अलका रानी कुजुर और नितिका बाई शामिल थी।

## खबर संक्षेप



### चिरायु योजना के तहत बच्चों का किया गया स्वास्थ्य परीक्षण

**करवां।** बच्चों के स्वास्थ्य सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए छत्तीसगढ़ शासन के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग द्वारा संचालित राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम चिरायु योजना के तहत शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला कसलगिरी में बुधवार को एक विशेष स्वास्थ्य परीक्षण शिविर आयोजित किया गया। शिविर में कक्षा 6 से 8 तक के सभी बच्चों की विस्तृत चिकित्सीय जांच की गई। शिविर में आयुष चिकित्सा अधिकारी डॉ. आरके गुप्ता, फार्मासिस्ट नीरज जायसवाल तथा एएनएम श्रीमती मिथलेश राजवाड़े की टीम द्वारा बच्चों का नाक, कान, गला, हृदय, आँख, त्वचा तथा दांतों से संबंधित समस्याओं की क्रमवार जांच किया गया। स्वास्थ्य परीक्षण के दौरान कुछ बच्चों में सर्दी-खांसी और पेट दर्द जैसी मौसमी बीमारियां पाई गईं, जिनका तत्काल उपचार कर दवाइयां उपलब्ध कराई गई ।बच्चों ने भी उत्साहपूर्वक परीक्षण कराते हुए स्वास्थ्य संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त की। डॉ. गुप्ता ने बताया कि चिरायु योजना का उद्देश्य प्रत्येक बच्चे को स्वस्थ रखना है। इसी के तहत टीम समय-समय पर विद्यालयों का दौरा कर बच्चों की संपूर्ण स्वास्थ्य जांच करती है, ताकि किसी भी संभावित गम्भीर बीमारी का समय रहते पता लगाकर उसका उपचार किया जा सके। चिकित्सा टीम ने शासकीय प्राथमिक शाला कसलगिरी तथा शासकीय प्राथमिक शाला कसलगिरी देवलापारा में भी जाकर विद्यार्थियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया। स्वास्थ्य शिविर के दौरान विद्यालय के शिक्षक बद्री प्रसाद एक्का, नंदकिशोर कुशवाहा, श्रीमती शमा बेगम, श्रीमती प्रभावती पैकरा सहित छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

### ब्रह्म ज्ञान विद्या मंदिर स्कूल में बाल मेला सहः विज्ञान प्रदर्शनी



**अम्बिकापुर।** ब्रह्म ज्ञान विद्या मंदिर स्कूल सकालो में शनिवार को मुख्य अतिथि मुरारी सिंह चंदेल द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा में दीप प्रज्वलित कर बाल मेला का शुभ आरंभ किया गया। कक्षा नर्सरी से आठवीं तक के बच्चों ने अपने कला का प्रदर्शन किया। अतिथियों द्वारा मॉडलों का अवलोकन किया साथ ही बच्चों द्वारा बनाए गए व्यंजनों का स्वाद चखा। संस्था के संचालक अविनाश सिंह चंदेल ने कहा की हमारी संस्था बच्चों को अच्छी शिक्षा के साथ अच्छे संस्कार एवं बच्चों को आत्मनिर्भर बनाना है। इस दौरान प्रधान पाठक जगदीश प्रसाद, पूनम सिंह, रूपा, सुमन, कविता, मनिषा, बबली, माधुरी, शाक्षी, सोना, प्रिया, अंकिता सहित अभिभावक मौजूद रहे।

### जसवंत सिंह एवं विकास दुबे को मिली किसान कांग्रेस प्रदेश महासचिव की जिम्मेदारी

**रामानुजगंज।** छत्तीसगढ़ किसान कांग्रेस द्वारा घोषित नई प्रदेश कार्यकारिणी में रामानुजगंज क्षेत्र के दो युवा और सक्रिय नेताओं जसवंत सिंह एवं





विकास दुबे को प्रदेश महासचिव की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है। दोनों नेताओं की नियुक्ति को क्षेत्र के किसान नेताओं और ग्रामीणों ने एक बड़ी उपलब्धि के रूप में देखा है। जसवंत सिंह और विकास दुबे पूर्व में किसान कांग्रेस के जिला अध्यक्ष रह चुके हैं और अपने कार्यकाल में किसानों की समस्याओं को मजबूती से उठाने के कारण प्रदेश नेतृत्व का विश्वास अर्जित किया है। दोनों लंबे समय से धान खरीदी, बोनस भुगतान, खाद-बीज वितरण, सिंचाई व्यवस्था तथा फसल बीमा जैसी समस्याओं पर संघर्ष करते रहे हैं। जसवंत सिंह ने बताया कि यह पद उनके लिए सम्मान के साथ-साथ किसानों के प्रति बढ़ी हुई जिम्मेदारी भी है। उन्होंने कहा कि वे प्रदेश भर के किसानों की समस्याओं को सरकार तक पहुंचाने और कृषक हितों को सर्वोपरि रखकर कार्य करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। वहीं विकास दुबे ने बताया कि किसान कांग्रेस ने उन पर जो भरोसा जताया है, उसे वे पूरी निष्ठा से निभाएंगे। उन्होंने कहा कि वे गांव-गांव जाकर किसानों की वास्तविक समस्याओं को समझने और उनके समाधान के लिए निर्णायक कदम उठाने पर विशेष ध्यान देंगे।

### ओपीएस मिनी स्पोर्ट्स में फुटबॉल का रोमांच कलाम एवं आइंस्टीन हाउस बने विजेता

**अम्बिकापुर।** ओरिएण्टल पब्लिक स्कूल में चल रहे मिनी स्पोर्ट्स के तहत जूनियर एवं सीनियर बालक वर्ग का फुटबॉल फाइनल मैच आयोजित किया गया। जूनियर बालक वर्ग में आइंस्टीन हाउस को हराकर कलाम हाउस ने पेनाल्टी शूट आउट में 2/0 से जीत हासिल की। कलाम हाउस के खिलाड़ियों में कार्तिक कुमार, अनुराग, देवेन्द्र कुमार, रजत सोनी, अंश कुमार, ओवैश अली, आर्यन राजवाड़े, साहिल टोप्पो, अब्वाल अली, सिबतैन अंसारी, प्रशांत साहू, सूर्यांश मिश्रा शामिल थे। सीनियर बालक वर्ग में कलाम हाउस को हराकर आइंस्टीन हाउस 1/0 से विजेता बना।

## अनिश्चितकालीन हड़ताल का दिखा असर

# पहले दिन कहीं ताला बंद तो कहीं पोर्टल नहीं खुलने से निराश होकर लौटे किसान

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर/धौरपुर

खरीफ विपणन वर्ष में धान खरीदी पर हड़ताल का असर देखने को मिला। खरीदी शुरू होने के बाद पहले दिन ज्यादातर समितियों में ताला लटका रहा और खरीदी प्रभारी एवं कम्प्यूटर ऑपरेटर नहीं पहुंचे। इसके साथ ही कुछ समितियों में कम्प्यूटर ऑपरेटर एकीकृत किसान पोर्टल को ही नहीं खोल पाए। ऐसे में घंटों इंजतार करने के बाद किसानों को निराश होकर वापस लौटना पड़ा। ऐसे में पहले दिन की धान खरीदी अव्यवस्था का शिकार हो गई।

**खास बात**
- समितियों में नहीं पहुंचे खरीदी प्रभारी और कंप्यूटर ऑपरेटर

बता दें कि 15 नवम्बर से प्रदेशभर में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है लेकिन इन खरीदी के पहले ही अपनी चार सूत्रीय मांगों को लेकर प्रबंधक, कंप्यूटर ऑपरेटर अपनी मांगों को लेकर अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले गए है। इस हड़ताल के कारण इस बार धान खरीदी के प्रभावित होने की संभावना जताई जा रही थी। हालांकि प्रशासन का दावा था कि समिति प्रबंधक एवं कंप्यूटर ऑपरेटरों की हड़ताल को देखते हुए जिला प्रशासन ने सभी उपार्जन केंद्रों में नवीन धान खरीदी प्रभारी एवं कंप्यूटर ऑपरेटरों की नियुक्ति कर दी है। जिससे धान खरीदी कार्य बिना किसी रुकावट के निर्बाध रूप से संचालित किया जाएगा लेकिन पहले दिन ही सरगुजा संभाग के विभिन्न समितियों में अव्यवस्था का आलम देखने को मिला और धान खरीदी प्रभावित रही। सरगुजा जिले की बात की जाए तो लुंड्रा विकासखंड के धौरपुर समिति में खरीदी के पहले दिन ताला लटका रहा। सहकारी समिति में अपना रकबा देखने और टोकन लेने आए किसान घंटों इंतजार करते रहे लेकिन कोई भी प्रभारी और कंप्यूटर ऑपरेटर समिति में नहीं पहुंचा। इस दौरान धौरपुर के ग्राम बिलमा से किसान कामेश्वर चौधरी, पडौली के रवि सिंह सहित अन्य किसानों को वापस लौटना पडा।

बताया जा रहा है कि दोपहर में नया कंप्यूटर ऑपरेटर पहुंचा था लेकिन प्रभारी के नहीं आने और समिति में ताला लटका होने के कारण वह भी बिना ज्वाइनिंग दिए ही वापस लौट गया। इसी तरह सूरजपुर जिले के ओड़गी अंतर्गत बिहारपुर समिति में भी ताला लटका रहा और किसानों को निराश होकर वापस लौटना पड़ा।



बंद समिति के बाहर खड़े लोग।

### बिना प्रशिक्षण के भेजा ड्यूटी पर

एक तरफ खरीदी प्रभारी और कंप्यूटर ऑपरेटर के हड़ताल पर होने से समितियों में पहले दिन ही ताला लटका रहा जबकि दूसरी ओर जिन समितियों का ताला खुला वहां भी कोई काम नहीं हो पाया। लुंड्रा विकासखंड के अंतर्गत धौरपुर के ग्राम डूमरडीह समिति में प्रभारी और कंप्यूटर ऑपरेटर ने चार्ज ले लिया था लेकिन वे पोर्टल ही नहीं खोल पाए। वहीं सखौली समिति में पहले दिन ही प्रभारी को बदल दिया गया। यहां एसडीओ रैंक के अधिकारी को प्रभारी बनाया गया था लेकिन बाद में सचिव को प्रभारी बनाया गया। इधर यहां भी कंप्यूटर ऑपरेटर पहुंचा लेकिन वह पोर्टल नहीं खोल पाया। कुछ इसी तरह की स्थिति बटवाही समिति में देखने को मिली जहां कंप्यूटर ऑपरेटर एकीकृत किसान पोर्टल को खोल ही नहीं पाया। बताया जा रहा है कि निजी कंपनी के माध्यम से इन सभी कंप्यूटर ऑपरेटर ने अप्लाई किया था लेकिन आनन फानन में प्रशासन ने इन्हें बिना प्रशिक्षण के ही भेज दिया। अप्रशिक्षित कंप्यूटर ऑपरेटर किसानों के पोर्टल को ही नहीं खोल पाए और घंटो इन्तजार करने के बाद किसानों को वापस लौटना पड़ा।

### कार्रवाई के बाद भी हड़ताल जारी

एक तरफ शनिवार से समर्थन मूल्य पर धान खरीदी का कार्य शुरू हो गया है और तो वहीं दूसरी तरफ सहकारी समिति के प्रबंधक, कंप्यूटर ऑपरेटर, चपरासी सहित अन्य कर्मचारी अपनी चार सूत्रीय मांगों को लेकर अनिश्चितकालीन हड़ताल पर डटे हुए है। हालांकि 14 नवम्बर को प्रशासन द्वारा युनीयन के कुछ अधिकारियों और प्रबंधकों को बर्खास्त किया गया था लेकिन इसका हड़ताल पर कोई असर नहीं पड़ा। खरीदी के पहले दिन भी हड़ताल जारी रही और धरना प्रदर्शन दिनभर चला। यही यही स्थिति रही तो आने वाले समय में किसानों को खासी परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है और धान खरीदी प्रभावित होगी।



## प्रभारी मंत्री की अध्यक्षता में जिला योजना समिति की हुई बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर

जिला योजना समिति की महत्वपूर्ण बैठक प्रभारी मंत्री एवं जिला योजना समिति के अध्यक्ष दयाल दास बघेल की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न योजनाओं के संचालन व प्रगति पर चर्चा की गई। साथ ही मंत्री दयाल दास बघेल द्वारा सभी विभागों को योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन एवं समयबद्ध कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए गए।

उल्लेखनीय है कि जिला योजना समिति की बैठक के दौरान पिलखा क्षीर सिलफिली, गढ़कलेवा सूरजपुर, केनापारा, सी-मार्ट सहित विभिन्न योजनाओं के संचालन की गहन समीक्षा की गई। केनापारा क्षेत्र के जीर्णोद्धार, पिलखा क्षीर के संचालन, जिला वार्षिक योजना 2025-26 के अनुमोदन पर भी विचार-विमर्श किया गया। आदिवासी विकास विभाग द्वारा संचालित धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान एवं आदि कर्मयोगी अभियान के तहत जिले के 284 ग्रामों में चल रहे कार्यों की प्रगति का जायजा लिया गया। साथ ही इसके अंतर्गत जिला एक्शन प्लान पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई। प्रभारी मंत्री श्री बघेल ने खाद्य विभाग द्वारा धान खरीदी की तैयारियों की विस्तृत जानकारी ली तथा समितियों में आवश्यक संसाधनों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इसके अलावा उन्होंने कृषि, उद्यानिकी और मत्स्य विभाग की समीक्षा की। उन्होंने प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, किसान क्रेडिट कार्ड, फसल बीमा, राष्ट्रीय बागवानी मिशन, पाम ऑयल उत्पादन आदि योजनाओं की प्रगति पर चर्चा हुई। मत्स्य विभाग द्वारा मत्स्य बीज उत्पादन, प्रशिक्षण, सामग्री वितरण तथा प्रतापपुर के ग्राम कोरमा में निर्माणाधीन हैचरी की स्थिति पर जानकारी प्रस्तुत की गई। राजस्व विभाग द्वारा नामांतरण, वृक्ष कटाई अनुमति आदि मामलों की प्रगति बताई गई। शिक्षा विभाग द्वारा सेजेस स्कूल, शिक्षकों की व्यवस्था एवं शिक्षा की गुणवत्ता संबंधी जानकारियां प्रस्तुत की गईं। साथ ही व्यक्तिगत व सामुदायिक वन अधिकार पत्रों, छात्रावास की स्थिति एवं सुविधाओं पर चर्चा हुई। बैठक में सांसद चिंतामणी महाराज, विधायक भूलन सिंह मरावी, विधायक श्रीमती शकुंतला पोर्ते, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती चंद्रमणि पैकरा, जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्रीमती रेखा राजलाल रजवाड़े सहित समिति के अन्य सदस्य सहित जिला स्तरीय अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

- विभिन्न योजनाओं की प्रगति की, की गई विस्तृत समीक्षा

# धान खरीदी के पहले दिन सोसाइटियों के गेट में लगे रहे ताले



**बिश्रामपुर।** समर्थन मूल्य पर धान खरीदी शासन के मंशानुरूप 15 नवंबर से शुरू कर दी गई है,लेकिन हड़ताल की वजह से पहले दिन भी सभी खरीदी केंद्रों में तालाबंदी दिखी, हालांकि अधिकारियों द्वारा आज शनिवार अवकाश होने की बात कहकर पल्ला झाड़ लिया जा रहा है,गौरतलब है कि जिले में 54 धान उपार्जन केंद्र और 47 सहकारी समितियां हैं,जहां सप्ताह भर से कामकाज ठप्प पड़े हुए हैं,समितियों के कर्मचारियों ने चार सूत्रीय मांगों को लेकर आंदोलन किया हूआ है,इस आंदोलन की वजह से किसानों का धान खरीदी पंजीयन,खाद-बीज वितरण और खेत की गिरदावरी प्रक्रिया काफी हद तक प्रभावित हो चुकी है,तालाबंदी से किसानों को खासी परेशानी उठानी पड़ रही है,पर खरीदी केंद्रों में आज शनिवार को धान खरीदी के पहले दिन भी सन्नाटा पसरा रहा, समितियों के बंद रहने से किसानों के एग्री स्टेट पोर्टल में उनके खेतों की जानकारी भी अधूरी दिख रही है,वहीं पटवारी की गिरदावरी और वास्तविक खेत सर्वे में भारी अंतर आ रहा है,समर्थन मूल्य पर धान खरीदी की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है पर तैयारी अब भी अधूरी है,अगर यह स्थिति जारी रही तो किसान अपनी उपज कहां बेचेंगे, यह बड़ा सवाल बन गया है,ज्ञात हो कि छत्तीसगढ़ सहकारी समिति कर्मचारी महासंघ और धान खरीदी कंप्यूटर ऑपरेटर संघ के संयुक्त आव्हान पर प्रदेशभर में 3 नवंबर से कार्य बहिष्कार और तालाबंदी की घोषणा कर आंदोलन पर हैं,बता दें कि 12 नवंबर को कलेक्टर सूरजपुर ने छत्तीसगढ़ शासन सहकारिता विभाग मंत्रालय महानदी भवन रायपुर के पत्र और वीडियो कान्फ्रेसिंग से प्राप्त निर्देशों के बाद खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 में समिति स्तर पर प्रभारी समिति प्रबंधक, धान खरीदी प्रभारी के रूप में अधिकारियों की नियुक्ति कर दी है,ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी,सहकारी निरीक्षक, खाद्य निरीक्षक, समिति प्रबंधक नवीन संवर्ग पद के अधिकारियों की नियुक्ति धान खरीदी प्रभारी के रूप में की गई है लेकिन ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी संघ द्वारा आदेश जारी होने उपरांत तत्काल सूरजपुर कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर धान खरीदी कार्य से अपनी दूरी बनाए जाने की सूचना भी दे दी है,ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारियों का कहना है कि जब हमें विभाग द्वारा भारमुक्त नहीं किया जाएगा तो हम दूसरे कार्य हेतु वित्तीय प्रभार कैसे ले सकेंगे,यदि समिति कर्मचारियों का आंदोलन लंबा खिंचा तो जिले में धान खरीदी का पूरा सिस्टम काबुरी तरह प्रभावित होना तय है,किसानों को धान बेचने में भारी मुश्किलें झेलनी पड़ेंगी और रवि फसल की तैयारी पर भी असर पड़ेगा,हालांकि अधिकारियों द्वारा यह बात कही जा रही है कि धान खरीदी कार्य में किसी तरह की कोई दिक्कत नहीं होने दी जाएगी,समिति कर्मचारियों से बातचीत चल रहा है और उम्मीद है कि जल्द ही उनका आंदोलन स्थगित हो जाएगा।गौरतलब है कि सूरजपुर कलेक्टर द्वारा जारी आदेश में केशवनगर धान खरीदी केंद्र में ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी नीलकमल मिश्रा, कंदरई में प्रभा तिर्की, रामनगर में सहकारी निरीक्षक महेंद्र राजवाड़े, मानी में कौशलेंद्र सिंह, जयनगर में हेमंत सिंह ओरकरा, सिलफिली में कुमार संभव यादव, लटोरी में मंजुला रानी तिग्गा, कल्याणपुर में देवांशू जायसवाल, कसलगिरी रविन्द्र कुमार ब्यास को समिति में प्रभारी अधिकारी के रूप में धान खरीदी व्यवस्था देखने नियुक्त किया गया है।

- अधिकारी शनिवार अवकाश होने की बात कह पल्ला झाड़ रहे



## प्रशासन ने मकरादुआरी-बरगढ़ में खुदवाया गड्ढा आवागमन बंद होने से ग्रामीणों में आक्रोश

**बिहारपुर।** सीमावर्ती मध्यप्रदेश से अवैध धान की आवक रोकने प्रशासन ने मकरादुआरी-बरगढ़ मार्ग में गड्ढा खोदकर आवागमन को पूरी तरह से बंद कर दिया है जिससे ग्रामीणों में भारी नाराजगी है। सीमावर्ती मध्यप्रदेश अंतर्गत ग्राम बरगढ़ से छत्तीसगढ़ की सीमा पर स्थित ग्राम कोल्हुआ मकरादुआरी के रास्ते कोचिए भारी मात्रा में धान परिवहन करते हैं। इस बार भी कोचिए इस मार्ग से लम्बे समय से एमपी का धान छत्तीसगढ़ के सीमावर्ती गांवों में ला रहे थे। पूर्व में जांच चौकी स्थापित कर अवैध धान का परिवहन रोकने की कोशिशें की जा रही थी लेकिन पिछले साल मार्ग में गड्ढा खोदकर आवागमन बाधित करने के कारण क्षेत्र के ग्रामीणों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। इस बार क्षेत्र के सरपंचों एवं ग्रामीणों ने मार्ग से आवागमन बाधित करने का विरोध किया था तथा आंदोलन करने की चेतावनी दी थी। प्रशासन द्वारा अवैध धान की आवक रोकने जांच चौकी स्थापित करने के बजाए शनिवार को मार्ग में बड़ा गड्ढा खोद दिया गया वहीं सीमावर्ती खीरो नदी के किनारे मार्ग पर बड़े-बड़े चट्टान रखवा दिए गए हैं जिससे अब वाहनों का आवागमन संभव नहीं होगा।

क्षेत्र के ग्रामीण जरूरी सामानों की खरीदी करने के साथ ही इलाज के लिए मध्यप्रदेश के सिंगरौली जिला पर निर्भर हैं तथा छोटा होने के कारण इसी मार्ग से आवागमन करते हैं। प्रशासन द्वारा मार्ग से आवागमन बंद करने से ग्रामीणों को अब 20 किमी से अधिक दूरी तय करनी पड़ेगी जिसमें अधिक राशि व्यय होने के साथ ही ज्यादा समय लगेगा जिसके कारण क्षेत्र के ग्रामीणों में भारी नाराजगी है। प्रशासन द्वारा पूर्व में ही मार्ग को बंद कर दिया जाता तो लम्बे समय से कोचियों द्वारा किए जा रहे अवैध धान के परिवहन पर रोक लग जाती। अब कोचियों द्वारा भारी मात्रा में सीमावर्ती मध्यप्रदेश का धान जगह-जगह भंडारित करने के बाद प्रशासन की कार्रवाई पर ग्रामीण सवाल उठा रहे हैं।



## घर बनवाने के नाम पर हड़प ली ग्रामीण की स्वीकृत आवास राशि

**शंकरगढ़।** ग्राम विनायकपुर निवासी महिला के नाम स्वीकृत राशि को गांव के ही एक व्यक्ति ने घर बनाने के नाम पर न सिर्फ हड़प लिया बल्कि खुद के घर बनाने में खर्च कर दिया। पीड़िता ने घटना की शिकायत प्रशासन से की है तथा कार्रवाई किए जाने की मांग की। मनोहरपुर अंतर्गत ग्राम विनायकपुर निवासी तिजारी बाई पति बिरझू राम के नाम शासन की आवास योजना के अंतर्गत राशि स्वीकृत हुई। पीड़िता ने बताया कि विवेक यादव आ. रविन्द्र यादव झूठा भरोसा और बहला-फुसलाकर सरकारी आवास राशि का दुरुपयोग किया गया है। पीड़ित तिजारी के अनुसार घर बाद में बनवा देने का झांसा देकर स्वीकृत आवास की पूरी राशि को हड़प लिया गया। इस राशि का उपयोग विवेक यादव ने अपने निजी भूमि में अपने घर का निर्माण करवा लेने में किया। योजना के नियमों के विपरीत। पीड़ित परिवार के लोगों ने बताया कि आज तक उन्हें न तो कोई आवास मिला है और न ही योजना से संबंधित कोई लाभ। गांव में इसे लेकर लोगों में काफी रोष है। पीड़िता ने एसडीएम अनमोल टोप्पों से शिकायत कर जांच कराने तथा दोषियों के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई किए जाने की मांग की है। इस संबंध में एसडीएम अनमोल टोप्पो ने बताया कि पीड़ित ने धोखे से उसके आवास के लिए स्वीकृत राशि को गांव के ही एक व्यक्ति द्वारा हड़प लेने की शिकायत की है। शिकायत पर जांच कराई जाएगी। जांच सही पाए जाने पर दोषी के विरूद्ध कार्रवाई की जाएगी।



## विधायक उद्धेश्वरी के मुख्य आतिथ्य में कृषि मंडी में की गई धान खरीदी की शुरुआत

**कुसमी।** सामरी विधायक उद्धेश्वरी पैकरा की मुख्य आतिथ्य एवं एसडीएम करुण डहरिया के मार्गदर्शन में कृषि मंडी प्रांगण में आज धान खरीदी की शुरुआत की गई। सर्वप्रथम गणेश भगवान एवं लक्ष्मी मां के छाया चित्र पर पुष्प माला अर्पित करते हुए पूजा अर्चना के साथ धान खरीदी की शुरुआत की गई। नगर पंचायत के किसान विनोद कुमार से सर्वप्रथम 40 किलो 700 ग्राम की धान बेच कर धान खरीदी की शुरुआत की। कृषि मंडी प्रांगण में धान खरीदी के दौरान विधायक उद्धेश्वरी पैकरा के अलावा जिपं अध्यक्ष हीरा मुनि निकुंज, तहसीलदार रोकी एक्का, जनपद सीईओ अभिषेक पांडेय, नपं अध्यक्ष राजेंद्र भगत, जनपद पंचायत अध्यक्ष बसंती भगत, नपं उपाध्यक्ष आनंद जायसवाल, जनपद उपाध्यक्ष अशोक सोनी, मंडी सचिव के ठाकुर, जन्मजय सिंह, उमेश्वर ओझा, राकेश भारती, लक्ष्मण सिंह पैकरा, राजेश्वर गुप्ता, पारस पाल, अरुण गुप्ता, इंदर निकुंज, रुदन बघेल सहित काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।



## जैन समाज के बच्चों ने बाल दिवस पर लगाया फूड कार्निवाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

प्रामाणिक पाठशाला द्वारा बाल दिवस पर जैन फूड कार्निवाल 2025 का आयोजन किया गया। इस फूड कार्निवाल में बड़ी संख्या में बच्चों, अभिभावकों और समाज के सदस्यों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

कार्यक्रम की शुरुआत मंगलाचरण श्री महावीराय नमः से हुई और वातावरण बच्चों की उमंग, सृजनशीलता तथा जैन सिद्धांतों पर आधारित सात्विक ऊर्जा से सराबोर हो उठा। फूड कार्निवाल में बच्चों ने स्वयं सात्विक जैन व्यंजन बनाकर अपने कौशल, नेतृत्व, टीमवर्क और सृजनशीलता का अद्भुत परिचय दिया। बच्चों द्वारा संचालित स्टॉल उनकी मेहनत, अनुशासन और आत्मविश्वास का जीवंत प्रमाण रहे जिनकी उपस्थित अतिथियों और दर्शकों ने खुले दिल से सराहना की। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में महापौर मंजूषा भगत शामिल हुई। महापौर का डॉ. डॉ. अंजू गोयल ने शाल और श्रीफल से स्वागत किया। वहीं अतिथि ननि सभापति हरमिंदर सिंह टिन्नी का स्वागत वरिष्ठ समाजसेवी एसके जैन ने किया।

फूड कार्निवाल का मूल्यांकन करने हेतु निर्णायक मंडल में डॉ. रितेश वर्मा, श्रीमती अर्जिता सिन्हा शामिल रहे। प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार श्रीजल जैन, द्वितीय पुरस्कार रक्षिता एवं अक्षिता जैन, तृतीय पुरस्कार स्वजिता एवं रेयांशी जैन को तथा सांत्वना पुरस्कार अर्थ जैन को प्रदान किया गया। इस दौरान जैन समाज से विक्रांत जैन, महावीर जैन, राहुल जैन, अखिलेश जैन, विकास जैन, विवेक जैन, अतुल जैन, डॉ. अभिजीत जैन, अभिषेक जैन, डॉ. संजय जैन, डॉ. अश्विन जैन उपस्थित रहे। इसके साथ ही प्रामाणिक पाठशाला से समन्वयक श्रीमती रूबी जैन, डॉ. रीनू जैन, शिक्षिका श्रीमती रुचि जैन और श्रीमती काकुल जैन, श्वेताम्बर समाज की वरिष्ठ सदस्य श्रीमती ममोल कुचेता, श्रीमती स्वीटी जैन तथा श्रीमती संगीता जैन सहित अन्य मौजूद थे।

- विजेता बच्चों को अतिथियों ने किया पुरस्कृत

# अनियंत्रित होकर सड़क से उतरी बाइक, युवक की मौत



**राजपुर।** तेज रफ्तार बाइक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे दुर्घटनाग्रस्त हो गई। इस घटना में बाइक सवार युवक ने अस्पताल में उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। इस मामले में पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर शव को पीएम उपरान्त परिजन के सुपुर्द कर दिया गया है। बताया जा रहा है ग्राम ठरकी निवासी 35 वर्षीय रामधनी राही आ. सुन्दर साय कोरवा शनिवार की सुबह 9.15 बजे अपनी हीरो एचएफ डीलक्स बाइक क्रमांक सीजी 15 ईई 0607 से अपने ससुराल गाम भोंदना जाने के लिए निकला था। इस दौरान राजपुर-कुसमी मार्ग पर ग्राम सेवारी शिव मंदिर के समीप युवक ने अपनी तेज रफ्तार बाइक से नियंत्रण खो दिया और युवक दुर्घटना का शिकार हो गया।

सड़क दुर्घटना में गंभीर युवक को रास्ते से गुजर रहे पुलिसकर्मियों ने उपचार के लिए तत्काल संजीवनी 108 एंबुलेंस से उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। इस दौरान युवक ने उपचार के दौरान अस्पताल में दम तोड़ दिया। इस मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पीएम उपरान्त परिजन के सुपुर्द कर दिया है और घटना की जांच चल रही है। इधर घटना के बाद क्षेत्र में शोक का माहौल है।

### छात्राओं को विधायक ने किया साइकिल वितरित

**राजपुर।** विकासखंड के पीएम श्री स्वामी आत्मानंद शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय एवं पहाड़ी कोरवा कन्या शिक्षा परिसर स्कूल में निःशुल्क सरस्वती साइकिल वितरण किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सामरी विधायक उद्देश्वरी पैकरा उपस्थित रहीं। वहीं जनपद अध्यक्ष विनय भगत, उपाध्यक्ष आकाश, नगर पंचायत अध्यक्ष धरम सिंह, उपाध्यक्ष संजय सिंह सहित अन्य जनप्रतिनिधि भी शामिल हुए। इस अवसर पर विधायक उद्देश्वरी पैकरा ने छात्राओं को निःशुल्क साइकिल वितरित की। विधायक उद्देश्वरी पैकरा ने कहा कि सरस्वती साइकिल योजना से क्षेत्र की बेटियों को न केवल शिक्षा के प्रति प्रोत्साहन मिल रहा है, बल्कि स्कूल तक सुगम आवागमन भी सुनिश्चित हो रहा है।



# ‘अखंड 2’ में नंदमुरी बालकृष्ण का अवतार चौंका देगा ...

**मुंबई।** तेलुगू सिनेमा के अभिनेता नंदमुरी बालकृष्ण की फिल्म ‘अखंड 2’ काफी समय से चर्चा में है। फिल्म की पहली किस्त ‘अखंड’ को लोगों ने खूब पसंद किया था। अब नजरें दूसरी किस्त पर हैं। लोगों के उत्साह को बढ़ाने के लिए निर्माताओं ने ‘अखंड 2’ का पहला गाना ‘द थांडवम’ जारी कर दिया है। अभिनेता नंदमुरी पर फिल्माए ‘द थांडवम’ के बोल शंकर महादेवन ने लिखे हैं। इसे आवाज कैलाश खेर और कल्याण चक्रवर्ती ने दी है। शक्ति और विनाश से भरपूर ‘द थांडवम’ में नंदमुरी, भगवान शिव की भक्ति में लीन नजर आए हैं। उनका अवतार रोंगटे खड़े कर देने वाला है।

## लाइफ Style



# रवीना

## पीएम मोदी की मां का निभाएंगी किरदार

एजेंसी ▶▶ मुंबई

बॉलीवुड अभिनेत्री रवीना टंडन हमेशा से दमदार किरदार निभाने के लिए जानी गई हैं। फिल्म ‘पटना शुक्ला’ और ‘लॉयर’ में उनके निभाए गए किरदारों को दर्शकों ने बहुत पसंद किया था। खबर है कि अभिनेत्री अब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की बायोपिक का हिस्सा बन गई हैं, जिसका नाम ‘मां वंदे’ होगा।

फिल्म में उन्हें प्रधानमंत्री की दिवंगत मां हीराबेन का किरदार निभाते देखा जाएगा। क्रांति कुमार च फिल्म का निर्देशन करेंगे। मलयालम अभिनेता उन्नी मुकुंदन प्रधानमंत्री मोदी का किरदार निभाएंगे। बॉलीवुड हंगामा की रिपोर्ट के मुताबिक, रवीना अपने किरदार को लेकर काफी खुश हैं। वह हमेशा से हीराबेन के विपरीत परिस्थितियों में उबरने के साहस की प्रशंसक रही हैं। एक सूत्र के हवाले से कहा गया, मां वंदे ऐसी फिल्म है, जो मां-बेटे के रिश्ते पर केंद्रित है। फिल्म मुख्य रूप से उनके त्याग, दृढ़ता और उनके जिंदगी को बेहतर बनाने के योगदान को दिखाती है। रवीना इस पहलू से प्रभावित थीं, और कहानी का हिस्सा बनना चाहती थीं। रिपोर्ट के मुताबिक, ‘मां वंदे’ का निर्माण वीर रेड्डी एल द्वारा सिल्वर कास्ट क्रिएशन्स के बैनर तले किया जाएगा। श्रीकर प्रसाद निर्देशन का काम संभालेंगे। निर्माताओं ने बताया कि यह फिल्म सच्ची घटनाओं पर आधारित होगी, जिसमें प्रधानमंत्री मोदी के बचपन से उनके राजनीति में आने तक के सफर और उतार-चढ़ाव को दिखाया जाएगा। कुछ अनछुए पहलू होंगे जिसमें उनकी मां की प्रभावशाली भूमिका दिखेगी। कहानी को प्रभावशाली बनाने के लिए निर्माता वीएफएक्स तकनीक का इस्तेमाल करेंगे।

## हॉलीवुड मसाला



# 3 इडियट्स वाले मिमी दिखे पत्नी के साथ

**नई दिल्ली।** आमिर खान की फिल्म ‘3 इडियट्स’ भला किसने नहीं देखी होगी! 2009 में रिलीज इस फिल्म की कहानी ही नहीं, बल्कि किरदार भी लोगों को बहुत पसंद आए थे। यही वजह है कि फिल्म सुपर-डुपर हिट साबित हुई थी। फिल्म में एक किरदार ‘मिलीमीटर’ का था, जिसे अभिनेता राहुल कुमार ने निभाया था। सोशल मीडिया पर राहुल का एक वीडियो सामने आया है, जिसमें उन्हें तुर्की की पत्नी के साथ देखा जा सकता है। वीडियो में उन्हें पहचानना मुश्किल है। सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो में अभिनेता राहुल को अपनी तुर्की पत्नी के साथ दिल्ली में देखा गया।



# मशहूर रैपर कार्डी बी चौथी बार बनीं मां...

**लॉस एंजिल्स।** अमेरिका की मशहूर रैपर कार्डी बी चौथी बार मां बन गई हैं। उन्होंने बॉयफ्रेंड स्टेफन डिग्स के साथ एक बेटे का स्वागत किया है। उन्होंने इस खुशखबरी को सोशल मीडिया पर एक वीडियो के जरिए साझा किया। वीडियो आते ही प्रशंसकों में खुशी की लहर दौड़ गई है। वो कार्डी और स्टेफन को बधाई देकर अपनी खुशी जाहिर कर रहे हैं। स्टेफन के साथ कार्डी का ये पहला बच्चा है, जबकि उनके पहले से 2 बेटे और 1 बेटी है। कार्डी ने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो पोस्ट किया। इसमें उन्हें अपनी एल्बम ‘एम आई द ड्रामा?’ के गाने ‘हैलो’ पर लिप-सिंक करते हुए देखा गया। उन्होंने वीडियों के कैप्शन में लिखा, ‘मैं दुनिया में नया संगीत और एक नया एल्बम लेकर आई! मेरी दुनिया में एक नया बच्चा’ उन्होंने कहा कि यह सब उन्हें अपने बच्चों के लिए बेहतर बनने की प्रेरणा देता है।’



# माधवन की फिल्मों को देखने का करेगा मन

**मुंबई।** आर माधवन जब भी पर्दे पर आते हैं तो अपने अभिनय से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर देते हैं। किरदार जैसा भी हो, अभिनेता उसमें इस कदर उतरते हैं कि आप उनसे नजरें नहीं हटा सकेंगे। फिलहाल माधवन फिल्म ‘दे दे प्यार दे 2’ को लेकर चर्चा में हैं। फिल्म में वह अजय देवगन के ससुर बने हैं। उनका यह किरदार बेहद दिलचस्प है। खैर हम आपको माधवन की ऐसी ही दमदार फिल्में बताएंगे, जिन्हें आप ओटीटी पर देख सकते हैं। माधवन ने बॉलीवुड में फिल्म ‘रहना है तेरे दिल में’ के साथ डेब्यू किया था। अभिनेता का जुनूनी किरदार इस फिल्म में देखने को मिलता है। कहानी ऐसी है, जो आपके दिल में बस जाएगी। यह फिल्म अमेजन प्राइम वीडियो पर मौजूद है। फिल्म ‘आप जैसा कोई’ इसी साल जुलाई, 2025 में नेटफ्लिक्स पर रिलीज हुई थी।



# भूत पुलिस 2 से कटा सैफ व अर्जुन का पत्ता

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता सैफ अली खान और अर्जुन कपूर की हॉरर-कॉमेडी फिल्म ‘भूत पुलिस’ 2021 में रिलीज हुई थी। इस फिल्म में जैकलीन फर्नांडिस और यामी गौतम भी अहम किरदार में थीं। दर्शकों ने फिल्म को ठीक-ठाक प्रतिक्रिया दी थी। खबर है कि निर्माता इस फिल्म की दूसरी किस्त लाने की तैयारी कर रहे हैं, जिसने लोगों का उत्साह बढ़ा दिया है। हालांकि, दिलचस्प बात ये है कि दूसरी किस्त से पुराने चेहरों को बाहर कर दिया गया है। बॉक्स ऑफिस वर्ल्डवाइड की रिपोर्ट के मुताबिक, परियोजना से जुड़े सूत्रों ने बताया है कि निर्माता ‘भूत पुलिस’ की दूसरी किस्त पर चुपचाप काम कर रहे हैं। फिल्म की कहानी लिखी जा रही है, साथ ही नई कास्टिंग की प्रक्रिया चल रही है।

## टीवी मसाला



# ‘बिग बॉस 19’: बेघर होने पर भड़के मृदुल इस प्रतियोगी को बताया शो का विजेता

**मुंबई।** सलमान खान के रियलिटी शो ‘बिग बॉस 19’ के फिनाले में सिर्फ 3 हफ्ते बचे हैं। अभिषेक बजाज के बाद मृदुल तिवारी को बीच हफ्ते शो से बाहर का रास्ता दिखाया गया। इस चौंकाने वाले कदम से न सिर्फ उनके चाहने वाले, बल्कि खुद मृदुल भी भड़क गए हैं। हालिया बातचीत में यूट्यूबर ने निर्माताओं के अनुचित फैसले पर सवाल उठाया, और प्रशंसकों के समर्थन को याद किया। इसके अलावा उन्होंने बताया कि वह किसे विजेता बनते देखना चाहेंगे।

***मृदुल ने निष्कासन को बताया मजाक :*** बातचीत में मृदुल ने कहा, ये एक मजाक जैसा लगा। मैंने एक ईमानदार खिलाड़ी के रूप में 80 दिनों का सफर पूरा किया। मैं निर्माताओं को दोष नहीं दूंगा, लेकिन जब मुझे पता चला कि मुझे इसलिए बेदखल कर दिया गया, क्योंकि एक टास्क के दौरान मुट्ठी भर लोगों ने मुझे वोट नहीं दिया था तो यह अनुचित लगा। उन्होंने कहा, मैंने शो में जबरदस्त वोट पाकर प्रवेश किया था, मुझे यह ट्विस्ट समझ नहीं आया।

***मृदुल ने बताया ‘तय’ विजेता का नाम :*** ‘बिग बॉस 19’ में शुरुआती सफर से मृदुल और गौरव खन्ना की दोस्ती नजर आई है। उन्होंने बिना किसी हिचकिचाहट के अभिनेता को विजेता घोषित कर दिया। मृदुल ने कहा, मेरे बाद सिर्फ गौरव ही जीत का हकदार है। वह सीधा-सादा, विनम्र है और कभी दूसरों को गाली नहीं देता। अगर किसी को जीतना है तो वह गौरव ही होना चाहिए। अगर उसके अलावा कोई और जीतता है तो मैं उस जीत को कभी गंभीरता से नहीं लूंगा।



## ‘बिग बॉस 19’ से निकलते ही बसीर अली के हाथ लगा नया प्रोजेक्ट

एकता कपूर के शो ‘कुंडली भाग्य’ से अभिनय की शुरुआत करने वाली बसीर अली के हाथ नया प्रोजेक्ट लगा है। इस खबर ने उनके प्रशंसकों का उत्साह सांतवें आसमान पर पहुंचा दिया है। दिलचस्प बात यह है कि इस आगामी प्रोजेक्ट में उनके साथ मशहूर टीवी अभिनेत्री ईशा मालवीय नजर आएंगी, जो ‘बिग बॉस 17’ का हिस्सा भी रह चुकी हैं। बसीर जब से ‘बिग बॉस 19’ से बाहर आए हैं, उनके प्रशंसकों को उनके नए प्रोजेक्ट का इंतजार था। रिपोर्ट के मुताबिक, बसीर और ईशा को कथित तौर पर एक म्यूजिक वीडियो के लिए साथ लाया गया है। यह गाना भावनाओं से भरपूर होने का वादा करता है। यह पहला मौका होगा जब प्रशंसक, बसीर और ईशा को एक साथ स्क्रीन साझा करते देखेंगे। लोगों ने अभी से सोशल मीडिया पर अपनी खुशी जाहिर करना शुरू कर दिया है। हालांकि बसीर और ईशा के आगामी म्यूजिक वीडियो पर निर्माताओं का आधिकारिक बयान आना बाकी है।

# ‘वेलकम टू द जंगल’ में येदा अन्ना के किरदार में लौटेंगे सुनील शेट्टी

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता अक्षय कुमार की फिल्म ‘वेलकम’ को दर्शकों का बेशुमार प्यार मिला था। 2015 में जॉन अब्राहम ‘वेलकम बैक’ के साथ आए। यह फिल्म भी ठीक-ठाक साबित हुई। अब फ्रैंचाइजी की तीसरी किस्त ‘वेलकम टू द जंगल’ की बारी है, जिसका इंतजार लंबे समय से किया जा रहा है। फिल्म के निर्देशक अहमद खान ने हालिया बातचीत में तीसरी किस्त के बारे में बात की है। यही नहीं उन्होंने फिल्म में सुनील शेट्टी के किरदार पर दिलचस्प खुलासा किया।



***पुराने किरदार में वापसी करेंगे सुनील :*** पिंकविला के साथ बातचीत में अहमद ने ‘वेलकम टू द जंगल’ से सुनील के किरदार पर बात की और बताया कि वो ‘येदा अन्ना’ के रूप में वापसी करेंगे। जिन लोगों को नहीं पता उन्हें बता दें कि फिल्म ‘आवारा पागल दीवाना’ में अभिनेता ने इस किरदार को निभाया था। उन्होंने कहा, सुनील, ‘आवारा पागल दीवाना’ से लिया गया येदा अन्ना का किरदार निभा रहे हैं, इसलिए वो थोड़े अलग अंदाज में येदा अन्ना का किरदार निभा रहे हैं।

***तीन बड़े गानों में दिखेंगे सुनील:*** अहमद ने बताया कि येदा अन्ना के रूप में सुनील की अक्षय और अरशद वारसी के साथ दिलचस्प नोंक-झोंक है, जो रोमांच और मस्ती बढ़ाएगी। उनके मुताबिक इन तीनों के साथ मिलकर फिल्म का मजा भी बढ़ जाता है। उन्होंने आगे कहा, सुनील के पास 3 गाने हैं। मैंने उन्हें उनके जवानी के दिनों में नचाया था। अब मैं उन्हें फिर से नचा रहा हूं और यही उनकी सबसे अच्छी बात है। वह बूढ़े होने से इनकार करते हैं।


*__मुंबई।__ आने वाले दिनों में कई रोमांटिक फिल्में रिलीज होने वाली हैं। इन्हीं में से एक है ‘तेरे इश्क में’। फिल्म से सामने आई कलाकारों की झलकियों और गाने ने पहले ही दर्शकों का उत्साह बढ़ा दिया था और अब इस फिल्म का ट्रेलर रिलीज हो गया है, जिसकी राह खासतौर से कृति सैनन और धनुष के प्रशंसक बड़ी बेसब्री से देख रहे थे। आनंद एल राय के निर्देशन में बनी ‘तेरे इश्क में’ का ट्रेलर, जारी हो गया है।*

# ‘तेरे इश्क में’ आशिक बने धनुष कृति संग खूब जमी जोड़ी...

***प्यार-दर्द और टूटे रिश्ते की कहानी :*** ‘तेरे इश्क में’ का ट्रेलर रोमांटिक और भावनात्मक सफर पर ले जाता है। इसमें धनुष को एक दिल जले और बेरहम दीवाने आशिक के रूप में दिखाया गया है। उन्हें देख फिल्म ‘रांझणा’ में उनके किरदार कुंदन की यादें ताजा हो जाती हैं। उधर दर्द में डूबीं कृति के साथ धनुष की केमिस्ट्री भी कमाल की है। ट्रेलर देख तो लगता है कि प्यार, दर्द और जज्बातों से लबरेज एक दिल छू लेने वाली कहानी पर्दे पर आने वाली है।

***कब रिलीज हो रही ‘तेरे इश्क में’? :*** फिल्म की कहानी हिमांशु शर्मा और नीरज यादव ने मिलकर लिखी है। आनंद एल राय इसके निर्देशक हैं। वो फिल्म के प्रोडक्शन में भी शामिल हैं। ये एक म्यूजिकल रोमांटिक फिल्म है, जिसके गाने इरशाद कामिल ने लिखे हैं और संगीतकार एआर रहमान हैं। इसके टाइटल सॉन्ग को अरिजीत सिंह ने अपनी आवाज से सजाया है। फिल्म में एक बेहद भावनात्मक प्रेम कहानी देखन को मिलेगी। ‘तेरे इश्क में’ 28 नवंबर 2025 को हिंदी और तमिल में रिलीज होगी।

***आनंद राय ने कराए थे धनुष को बॉलीवुड के दर्शन:*** धनुष ने आनंद की फिल्म ‘रांझणा’ से ही साल 2013 में बॉलीवुड में कदम रखा था। अपनी पहली हिंदी फिल्म से ही उन्होंने दर्शकों का दिल जीत लिया था।



***कुंदन के किरदार में जान फूंकने में धनुष ने कोई :*** कसर नहीं छोड़ी। आखिरी बार धनुष और आनंद फिल्म ‘अतरंगी रे’ के लिए साथ आए और एक बार फिर धनुष ने हिंदी भाषी दर्शकों को अपना मुरीद बना लिया। अक्षय कुमार और सारा अली खान भी इस फिल्म का हिस्सा थे।

## ‘आई एम कलाम’ ने भारत और विदेशों में 20 से भी ज्यादा जीते पुरस्कार

# बच्चों पर बनीं इन फिल्मों ने जीते राष्ट्रीय पुरस्कार, एक पर सलमान ने लगाया था दांव

*__मुंबई।__ बाल दिवस के मौके पर बच्चों की दुनिया, उनकी मासूमियत और सपनों को खूबसूरती से दिखाने वाली कई हिंदी फिल्मों की याद ताजा हो जाती है। ऐसी कई फिल्मों ने न सिर्फ दर्शकों का दिल जीता, बल्कि अपनी भावनात्मक कहानियों और मजबूत संदेशों के लिए बड़े-बड़े पुरस्कार भी जीते। आइए जानें उन फिल्मों के बारे में, जिन्होंने बच्चों के साथ-साथ बड़ों को भी अपना मुरीद बना लिया, वहीं इनमें काम करने वाले छोटे उस्ताद भी पर्दे पर छा गए।*




### ‘चिल्लर पार्टी’

साल 2011 में आई ‘चिल्लर पार्टी’ ने कम बजट में भी बड़ा कमाल कर दिखाया था। करीब 60 लाख रुपये में बनी इस फिल्म ने 10 करोड़ रुपये से ज्यादा की कमाई कर सबको चौंका दिया। इस फिल्म ने अपनी दमदार कहानी और शानदार अभिनय के दम पर राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार भी जीता। विकास बहल और नितेश तिवारी इसके निर्देशक तो सलमान खान निर्माता थे। नेटफ्लिक्स पर मौजूद इस फिल्म में इरफान खान और स्वरा भास्कर समेत कई कलाकार थे।



### ‘आई एम कलाम’

उधर अमेजन प्राइम वीडियो पर मौजूद फिल्म ‘आई एम कलाम’ ने कई अंतरराष्ट्रीय मंचों पर भारत का नाम रोशन किया। ये कहानी है एक गरीब बच्चे ‘छोटू’ की, जो पूर्व राष्ट्रपति डॉक्टर एपीजे अब्दुल कलाम से प्रेरित होकर अपनी जिंदगी बदलने का सपना देखता है। इसकी कहानी और हर्ष मायर के दमदार अभिनय ने इसे बेहद खास बना दिया। इसकी असली उपलब्धि रही पुरस्कारों की लंबी सूची। इस फिल्म ने भारत और विदेशों में 20 से भी ज्यादा पुरस्कार जीते।




### ‘तारे जमीन पर’

बच्चे जब एक्टिंग के अपने सफर पर निकलते हैं तो फिल्म इंडस्ट्री के समंदर से कई शानदार फिल्में मोती के रूप में निकलती हैं। बच्चों पर ऐसी कई बेहतरीन फिल्में बन चुकी हैं। इस सूची में ‘तारे जमीन पर’ का नाम भी शामिल है। आमिर खान इस फिल्म के निर्माता-निर्देशक थे। ये फिल्म डिस्लेक्सिया से जूझ रहे एक 8 साल के बच्चे की कहानी बयां करती है। राष्ट्रीय पुरस्कार जीत चुकी इस फिल्म को आप यूट्यूब पर देख सकते हैं।



### ‘इकबाल’ और ‘धनक’

‘इकबाल’ की कहानी एक ऐसे लड़के की है, जो सुन और बोल नहीं सकता, लेकिन उसके अंदर भारतीय क्रिकेट टीम के लिए खेलने का बड़ा सपना है। फिल्म में श्रेयस तलपड़े ने मुख्य भूमिका निभाई थी। राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार जीत चुकी ‘इकबाल’ को आप जी 5 और यूट्यूब पर देख सकते हैं। उधर फिल्म ‘धनक’ में 2 भाई-बहनों के रिश्ते को खूबसूरती से दिखाया गया है। राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार जीत चुकी ‘धनक’ नेटफ्लिक्स और अमेजन प्राइम वीडियो पर है।

## खबर संक्षेप

### कालोनी के लोग कर रहे समस्याओं का सामना

**पुसौर।** नगर पंचायत पुसौर स्थित भाठिया कालोनी में रहने वाले लोगों को कई समस्याओं का सामना कर पड़ रहा है। कालोनी में रहने वालों के लिए पेय जल, पानी निकासी, सफाई की समुचित सुविधा होने की जानकारी दी गई थी। इससे आकर्षित होकर लोगो ने यहां जमीन ली और मकान बना कर रहने लगे। कालोनाईजर द्वारा उक्त कालोनी का हेंड ओवर नगर पंचायत पुसौर को करने पर यहां पानी की अव्यस्था, सफाई आदि को लेकर यहां के रहवासी परेशान होने लगे जिसके कारण इन्हें हड़ताल पर भी बैठना पड़ गया। इसके बावजूद कालोनी में सारी समस्याएं यथावत बनी हुई है। कालोनी वासियों ने कालोनाईजर एवं नगर पंचायत प्रबंधन की शिकायत की है। कालोनाईजर द्वारा शासकीय बेशकीमती जमीन लेकर उसके बदले काश्तकारी जमीन नगर पंचायत पुसौर के नाम दी है। जिसकी जानकारी वर्तमान नगर पंचायत पुसौर सीएमओ ललित साहू को भी नहीं है। ऐसे में कई तरह के सवाल खडा हो रहा है।

### डीएवी पब्लिक स्कूल में मनाया गया बाल दिवस

**घरघोड़ा।** डीएवी पब्लिक स्कूल एनटीपीसी तलईपल्ली में धूमधाम से बाल दिवस मनाया गया। इस अवसर पर स्कूल को आकर्षक रूप से सजाया गया। प्री प्रायमरी के विद्यार्थी रंग बिरंगी पोशाक में विद्यालय पहुंचे। कार्यक्रम की शुरुआत गायत्री मंत्र से की गई तत्पश्चात विद्यालय के प्राचार्य राजकुमार शर्मा द्वारा पंडित जवाहरलाल नेहरू के तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित की गई। कार्यक्रम की शुरुआत में शिक्षकों द्वारा सुमधुर गीत प्रस्तुत की गई। तत्पश्चात विद्यार्थियों के लिए विविध प्रकार के खेलों का आयोजन किया गया जिसमें सभी विद्यार्थियों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। खेल में सबसे अच्छा प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया।

### समाजसेवी अनुप बांट रहे 16 साल से कंबल



**रायगढ़।** रायगढ़ के पूर्व पार्षद और समाजसेवी अनुप रतेरिया ने निःस्वार्थ सेवा की अनूठी मिसाल कायम की है। वे पिछले 16 सालों से लगातार सर्द रातों में जरूरतमंदों को कंबल ओढ़ाकर ठंड से बचा रहे हैं। सेवा की भावना से प्रेरित अनुप रतेरिया इस वर्ष भी अपने सामाजिक दायित्व का निर्वहन कर रहे हैं। वे डेढ़ माह तक अपने निजी वाहन से प्रतिदिन रात में कंबल लेकर शहर के चारों दिशाओं में निकल जाते हैं। उनका मुख्य उद्देश्य गरीब और बेसहारा लोगों तक मदद पहुंचाना है।

### गांजा माफियां पर पुलिस ने की कार्रवाई

**राउरकेला।** राउरकेला पुलिस जिले के बणई उपमंडल में गांजा माफियाओं पर लगातार दूसरी बड़ी कार्रवाई की गई है। एक सप्ताह के भीतर पुलिस और आबकारी विभाग की संयुक्त टीम ने दो अलग-अलग स्थानों पर अवैध गांजा की व्यापक पैमाने पर की जा रही खेती का भंडाफोड़ करते हुए हजारों पौधों को नष्ट किया है। कठिन पहाड़ी और घने जंगलों वाले इस क्षेत्र में अवैध खेती तेज़ी से फरोकने के लिए प्रशासन अब सख़्त मोड में है।

पेज 1 का शेष

### युगों-युगों में ...

मध्यप्रदेश, उ तिरोत सिंग मेघालय, राघोजी भांगरे महाराष्ट्र, वीरांगना लीपा अंडमान निकोबार, सुरेंद्र साय उड़ीसा, राणा पूंजा भील राजस्थान, रघुनाथ सिंह मंडलोई मध्यप्रदेश, टंट्या भील मध्यप्रदेश, राजा शंकर शाह–रघुनाथ शाह मध्यप्रदेश, हाइपौ जादोनांग मणिपुर, मरएँ कामय्या आंध्रप्रदेश, बाबू राव शेडमाके महाराष्ट्र, लक्ष्मण नायक उड़ीसा, हुतात्मा केसरी चंद उत्तराखण्ड, महुआ कोल मध्यप्रदेश, रानी रोपुइलियानी – मिजोरम, नानक जी भील राजस्थान, खाज्या नायक मध्यप्रदेश, वेंकटप्पा नायक कर्नाटक, तिलका मांझी बिहार, सिनगी दई बिहार, तलक्कल चंदू केरल, अल्लूरी सीताराम राजू आंध्रप्रदेश के छायाचित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी।

## कैबिनेट मंत्री ने कोड़ातराई में धान खरीदी का किया शुभारंभ

# धान की 31 सौ रुपए कीमत देने वाला छग देश का पहला राज्यः गजेन्द्र





किसानों का धान तौलकर खरीदी का शुभारंभ करते शिक्षा मंत्री और समारोह में उपस्थित ग्रामीण।

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

किसानों के सम्मान और हितों को सर्वोच्च प्राथमिकता देने वाली छत्तीसगढ़ सरकार ने आज धान खरीदी खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 का ऐतिहासिक शुभारंभ किया। स्कूल शिक्षा, ग्रामोद्योग, विधि एवं विधायी कार्य विभाग के मंत्री गजेन्द्र यादव आज रायगढ़ जिले के पुसौर विकासखण्ड स्थित ग्राम कोड़ातराई पहुंचे, जहाँ उन्होंने धान उपार्जन केंद्र में धान खरीदी सीजन का विधिवत शुभारंभ किया। मंत्री श्री यादव ने इलेक्ट्रॉनिक वजन मशीन का पूजन किया और अन्न माता के प्रतीक के रूप में किसानों द्वारा लाए गए धान का विधि-विधान से पूजन किया।

कैबिनेट मंत्री श्री यादव ने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार ने किसानों के गौरव और भविष्य को सुरक्षित करते हुए धान का समर्थन मूल्य 3,100 रुपए प्रति क्विंटल निर्धारित किया है, जो पूरे देश में सबसे अधिक है और यह गौरव छत्तीसगढ़ को किसानों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता के कारण प्राप्त हुआ है। उन्होंने कहा कि किसानों का सम्मान हमारी सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। देश में सबसे अधिक समर्थन मूल्य देकर किसानों को आर्थिक सुरक्षा प्रदान करने वाला पहला राज्य छत्तीसगढ़ है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में किसानों की जरूरतों, समस्याओं और आकांक्षाओं को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जा रही है। किसान समृद्ध होंगे तो छत्तीसगढ़ और भारत दोनों विकसित बनेंगे।

मंत्री श्री यादव ने कहा कि राज्य सरकार का उद्देश्य है कि प्रत्येक किसान आर्थिक रूप से सक्षम, आधुनिक कृषि तकनीक से सशक्त और आत्मनिर्भर बने। सरकार किसानों को खाद, बीजए ऋण, कृषि उपकरण, प्रशिक्षण और डिजिटल सुविधाएँ सरलता से उपलब्ध करा रही है, ताकि खेती अधिक उत्पादक और लाभकारी हो सके। उन्होंने कहा कि आज अपने गृह क्षेत्र से लगभग 300 किलोमीटर की दूरी तय कर रायगढ़ पहुंचना उनके लिए सौभाग्य की बात है, क्योंकि वे यहां के मेहनतकश किसानों से सीधे संवाद कर उनकी स्थिति, आवश्यकताओं और उम्मीदों को नजदीक से समझ पा रहे हैं। रायगढ़ जिले में धान खरीदी की प्रक्रिया आज से शुरू होकर 31 जनवरी 2026 तक चलेगी।

जिले के सभी पंजीकृत और पात्र किसान निर्धारित उपार्जन केंद्रों में प्रति एकड़ 21 क्विंटल तक धान विक्रय कर सकेंगे। कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी ने बताया कि खरीदी प्रक्रिया को सुचारू और पारदर्शी बनाने के लिए सभी व्यवस्थाएँ पूरी कर ली गई हैं। कर्मचारियों का प्रशिक्षण संपन्न हो चुका है, केंद्रवार अधिकारियों की ड्यूटी लगा दी गई है और धान उपार्जन केंद्रों में आवश्यक सभी सुविधाएँ सुनिश्चित कर दी गई हैं। जिले में कुल 105 उपार्जन केंद्रों के माध्यम से धान खरीदा जाएगा, जिनमें 15 केंद्रों को संवेदनशील और 4 केंद्रों को अति संवेदनशील श्रेणी में रखा गया है। अवैध धान की आवाजाही रोकने के लिए 24 चेकपोस्ट स्थापित किए गए हैं, जहाँ तीन पालियों में टीमें तैनात रहकर लगातार जांच और निगरानी कर रही हैं। धान खरीदी प्रक्रिया को पूरी तरह डिजिटल बनाने और किसानों को पारदर्शी सुविधा प्रदान करने के लिए श्तुंहर टोकनश मोबाइल ऐप लागू किया गया है। इस ऐप में प्रतिदिन सुबह 8 बजे टोकन उपलब्ध होंगे और सोसायटी संचालक सुबह 9.30 बजे से टोकन जारी कर सकेंगे। टोकन सात दिनों तक वैध रहेंगे और आधार आधारित ओटीपी प्रमाणीकरण अनिवार्य किया गया है, जिससे बिना किसान की सहमति कोई टोकन जारी नहीं हो सकेगा। कार्यक्रम के दौरान किसान बड़ी संख्या में उपस्थित रहे और सरकार की किसान हितैषी नीतियों की सराहना की।

### अब किसानों को ऋण पुस्तिका लाने की जरूरत नही

राज्य शासन ने किसानों के लिए एक और बड़ी राहत दी है। अब किसानों को उपार्जन केंद्र में ऋण पुस्तिका लाने की आवश्यकता नहीं है। एग्रीस्टेक पोर्टल के माध्यम से किसान का संपूर्ण डेटा स्वचालित रूप से सत्यापित हो जाएगा, जिससे खरीदी प्रक्रिया और तेज व पारदर्शी बनेगी। इस वर्ष संस्थागत पंजीयन, भूमिहीन श्रेणी, डुबान क्षेत्र, वन अधिकार पट्टा धारक और ग्राम कोटवार वर्ग को विशेष अनुमति प्रदान की गई है। खरीदी की राशि सीधे किसानों के बैंक खातों में जमा होगी।

## कैरियर बनाने का सपना अब हो रहा है साकार



**जशपुरनगर।** जिले के युवाओं का आसमान में उड़ान भरने का सपना अब तेजी से साकार हो रहा है। मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के विशेष प्रयासों का परिणाम है कि जशपुर के पी.एम. श्री जवाहर नवोदय विद्यालय को थर्ड सीजी एनसीसी एयर स्क्वाड्रन की स्वीकृति प्राप्त हुई है।

इसी क्रम में यहां के एनसीसी कैडेट्स अब जगदलपुर में अगले चरण का उन्नत प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। विद्यालय के पांच कैडेट्स आकाश बंजारे, आर्यन निकुंज, अथर्व भगत, अंश कुमार भगत और उत्कर्ष यहां पर प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। इनके कोच कमलेश विश्वकर्मा है। इससे पहले जशपुर में पहली बार रायपुर के बाहर बेस फ्लाइंग ट्रेनिंग का प्रथम चरण सफलतापूर्वक आयोजित हुआ था। अब दूसरे चरण के लिए जगदलपुर को चयनित किया गया है। आगामी चरण अंबिकापुर, बिलासपुर और दुर्ग–भिलाई में प्रस्तावित हैं। यह सभी आयोजन रायपुर ग्रुप तथा मध्यप्रदेश एवं छत्तीसगढ़ एनसीसी निदेशालय के संयुक्त तत्वावधान में संचालित किए जा रहे हैं।

प्रशिक्षण सिंगल इंजन ट्वीन सीटर वायरस एसडब्ल्यू 80 विमान से विभिन्न उड़ान कोर्सों का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इस माइक्रोलाइट विमान में उड़ान भरना कैडेट्स के लिए न केवल हवाई प्रशिक्षण का पहला अवसर है, बल्कि सीमित समय और नियंत्रित वातावरण में उनके निर्णय लेने के कौशल को विकसित करने का महत्वपूर्ण साधन भी है। प्रशिक्षण कार्यक्रम में सेना, भारतीय वायुसेना, जिला प्रशासन तथा पुलिस विभाग का सतत सहयोग मिल रहा है। साथ ही कैडेट्स को एनसीसी के मूलमंत्र एकता और अनुशासन को आत्मसात करते हुए राज्य के भविष्य, विकास और राष्ट्रनिर्माण की मुख्यधारा से जुड़ने का संदेश भी दिया जा रहा है। मुख्यमंत्री श्री साय ने जेएनवी के एयर एनसीसी के लिए चयनित 25 विद्यार्थियों को एनसीसी कैडेट्स का बैच लगाकर पंजीयन की शुरुआत की थी। मुख्यमंत्री ने विगत दिवस पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय के एयर एनसीसी के लिए चयनित 25 मेधावी विद्यार्थियों को एनसीसी कैडेट्स का बैच लगाकर पंजीयन की शुरुआत की थी। इनमें 13 बालिकाएं और 12 बालक शामिल हैं। मुख्यमंत्री श्री साय ने एनसीसी दिवस समारोह के दौरान इच्छा व्यक्त की थी कि छत्तीसगढ़ में केवल रायपुर में ही एयर एनसीसी और उड़ान का प्रशिक्षण दिया जाता है, जबकि जगदलपुर, बिलासपुर, अंबिकापुर और जशपुर जैसे स्थानों पर भी हवाई पट्टियों की सुविधा उपलब्ध है। मुख्यमंत्री की इस पहल के सकारात्मक परिणामस्वरूप मार्च माह में जशपुर आगडीह हवाई पट्टी को 3 सीजी एयर एनसीसी स्क्वाड्रन के लिए स्वी—ति प्रदान की गई और एक माइक्रोलाइट विमान को प्रशिक्षण हेतु जशपुर भेजा गया। इस दौरान लगभग 100 कैडेट्स को उड़ान का वास्तविक अनुभव प्रदान किया।

## योग मित्रों को दिया गया विशेष प्रशिक्षण



**जशपुरनगर।** शिशु मृत्यु दर एवं मातृ मृत्यु दर में कमी लाने के उद्देश्य से जिले में पायलट प्रोजेक्ट के रूप में गर्भवती महिलाओं हेतु विशेष योगाभ्यास कार्यक्रम संचालित किया जा रहा है।

■ हाईरिस्क गर्भवती महिलाओं के लिए विशेष योग कार्यक्रम से मिल रहे सकारात्मक परिणाम

यह कार्यक्रम छत्तीसगढ़ योग आयोग, यूनिसेफ तथा जिला प्रशासन के संयुक्त तत्वावधान में क्रियान्वित हो रहा है। कार्यक्रम के प्रभावी संचालन हेतु परियोजना में कार्यरत योग मित्रों की एक दिवसीय समीक्षा बैठक एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन विगत दिवस वशिष्ठ कम्युनिटी हाल में किया गया।

इसमें छत्तीसगढ़ योग आयोग के वरिष्ठ मास्टर ट्रेनरों ने योग मित्रें को गर्भावस्था की तीनों तिमाहियों के अनुसार उपयुक्त योगाभ्यास का प्रशिक्षण प्रदान किया, ताकि वे गर्भवती महिलाओं को और अधिक प्रभावी तरीके से योगाभ्यास करा सकें। इस विशेष योगाभ्यास कार्यक्रम को शुरू हुए लगभग तीन वर्ष पूर्ण होने जा रहे हैं। कार्यक्रम के माध्यम से हाई–रिस्क गर्भवती महिलाओं को भी सुरक्षित एवं सामान्य प्रसव में उल्लेखनीय सहायता मिल रही है, जिससे जशपुर जिले की अनेक महिलाओं को प्रत्यक्ष लाभ प्राप्त हुआ है। वर्तमान में यह कार्यक्रम जिले के 50 उप–स्वास्थ्य केंद्रों में सफलतापूर्वक संचालित किया जा रहा है। समीक्षा बैठक एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डा. जी.एस. जात्र, छत्तीसगढ़ योग आयोग रायपुर से रविकांत कुंभकार, राज्य परियोजना समन्वयक डा. ज्योति साहू, मास्टर ट्रेनर रश्मी पटेल तथा जिला योग समन्वयक अशोक कुमार यादव उपस्थित रहे।

### भाजपा युवा मोर्चा ने मनाया जीत का जश्न

**कोसीर।** बिहार विधानसभा चुनाव मे एनडीए को मिली जीत का जश्न कोसीर अम्बेडकर चौक में भाजपा युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओ ने मनाया। फटाके चलाकर आतिशबाजी की और वहा उपस्थित सभी लोगो को मिठाई वितरण किया गया। आयोजन भाजपा युवा मोर्चा के महामंत्री विशाल सोनी की अगुवाई में हुआ। जिसमे पार्टी के वरिष्ठ व युवा कार्यकर्ताओं नें भाग लिया। विहार चुनाव के जैसे नतीजे सामने आए भाजपा के कार्य कर्ता ओ मे भारी जोरो से खुशी का माहौल देखने को मिला कोसीर की हृदय स्थल अम्बेडकर चौक में एकत्रित होकर शाम को पूरी आतिशबाजी के साथ एक दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी का इजहार किया। कार्यक्रम के दौरान कोसीर भाजपा मंडल युवा मोर्चा विशाल सोनी महामंत्री अभिषेक पटेल समेत अन्य उपस्थित रहे।

## छत्तीसगढ़ ग्रामीण बैंक की नई शाखा का शुभारंभ



**जशपुरनगर।** कुनकुरी में छत्तीसगढ़ ग्रामीण बैंक की नई शाखा का विधिवत उद्घाटन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अध्यक्ष विनोद कुमार अरोरा ने रिबन काटकर शाखा का शुभारंभ किया। उद्घाटन समारोह में क्षेत्र के प्रमुख जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक और स्थानीय ग्रामीण बड़ी संख्या में शामिल हुए।

■ मुख्य अतिथि विनोद कुमार अरोरा ने किया उद्घाटन

उद्घाटन के पश्चात मुख्य अतिथि श्री अरोरा ने बैंक परिसर में उपस्थित कर्मचारियों एवं ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि नई शाखा खुलने से कुनकुरी और आसपास के गांवों को बैंकिंग सेवाओं में आसानी होगी। उन्होंने कहा कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाने में बैंकिंग सेवाओं की महत्वपूर्ण भूमिका होती है, और इस शाखा के माध्यम से किसान, स्व-सहायता समूह, छोटे व्यापारी एवं युवा अब अधिक सुविधाजनक तरीके से बैंक लाभ उठा सकेंगे। इस अवसर पर अध्यक्ष विनोद कुमार अरोरा के नेतृत्व में क्षेत्रीय प्रबंधक प्रवीण केतकी, प्रबंधक दीपक कुमार, शाखा प्रबंधक रणधीर कुमार, सहायक प्रबंधक भरत दहरिया, सहायक प्रबंधक रौशन सिंह, कार्यलय सहायक शोषन टोप्पो, कार्यलय सहायक अमन अंजलुस बरला, आधार सुपरवाइजर कनिष्का गुप्ता, बैंक मित्र गायत्री, बैंक सखी खीरोमती यादव, आधार केतकी गुप्ता एवं छत्तीसगढ़ ग्रामीण बैंक तपकरा की बीएम सुश्री प्रियंका खेस समेत बैंक ग्राहक वरिष्ठ एवं गणमान्य नागरिक सेराज खान, दीपक वर्मा, शिव गुप्ता समेत अन्य लोग शामिल रहे।

## वी क्लब ने किया योग शिविर का आयोजन



**खरसिया।** वी क्लब ऑफ खरसिया सिटी द्वारा 15 दिवसीय योग शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें छात्रावास के 75 छात्राओं ने भाग लिया। सभी को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष कमल गर्ग, विशिष्ट अतिथि महेश साहू रहे। वही डॉ सत्यम पटेल, आर्ची अग्रवाल ने उपस्थित बच्चियों का उत्साह वर्धन किया। योग शिक्षा की माइक्रो चेयर पर्सन वी अंजु गवेल सदस्य शैल ग़वेल, बीना रॉय ने बच्चों को परीक्षा के दौरान होने वाले तनाव से योग एवं ध्यान से तनाव मुक्त कैसे रहे इस विषय मे बताया। कार्यक्रम में पोस्ट मैंट्रिक आदिवासी कन्या छात्रावास की 45 छात्राओं और प्री मैट्रिक अनुसूचित जाति कन्या छात्रावास की 35 छात्राओं ने भाग लिया इन सभी छात्राओं को प्रशस्ति पत्र दिया गया। बाल दिवस के अवसर पर वी क्लब द्वारा सभी के लिए स्वल्पाहार की व्यवस्था की गई थी। इस कार्यक्रम के आयोजन में मुख्य भूमिका वी अंजु गवेल की रही।

## विधायक साय की अध्यक्षता में जीवन दीप समिति की बैठक




**पत्थलगांव।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में विधायक गोमती साय की अध्यक्षता में जीवन दीप समिति की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने, मरीजों को समय पर उपचार उपलब्ध कराने और जनहित से जुड़े विभिन्न विषयों पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई।विधायक गोमती साय ने अस्पताल में आने वाले मरीजों की परेशानियों को गंभीरता से लेते हुए संबंधित विभागीय अधिकारियों को कई आवश्यक निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि अस्पताल में स्वच्छता सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए।दवाओं की उपलब्धता हर समय सुनिश्चित की जाए।मरीजों को समय पर उपचार और आवश्यक चिकित्सा सुविधा मिले, यह प्रशासन की जिम्मेदारी है।स्वास्थ्य केंद्र में सुविधाओं के विस्तार और स्टाफ की उपस्थिति पर विशेष ध्यान दिया जाए। विधायक साय ने बैठक में उपस्थित सदस्यो को आश्वस्त किया कि क्षेत्र की स्वास्थ्य सेवाओं को उत्कृष्ट बनाने के लिए हर संभव प्रयास किए जाएंगे, ताकि आमजन को बेहतर और सहज चिकित्सा सुविधा मिल सके। समिति की बैठक में विभिन्न स्वास्थ्य संबंधी प्रस्तावों पर भी विचार-विमर्श किया गया और जनहित को ध्यान में रखते हुए कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए।

## सांसद ने बगीचा के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का किया निरीक्षण



**जशपुरनगर।** रायगढ़ सांसद राधेश्याम राठीया ने विगत दिवस शनिवार 15 नवम्बर को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बगीचा का आकस्मिक निरीक्षण किया और स्वास्थ्य सुविधाओं की जानकारी ली।

उन्होंने मरीजों को बेहतर सुविधा उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं। स्वास्थ्य केंद्र मरीज वार्ड, पैथोलजी,दवाई वितरण कक्ष और अन्य वार्ड का निरीक्षण किया और मरीजों को फल वितरण किए। उन्होंने डाक्टरों की नियमित उपस्थिति की जानकारी ली और आयुष्मान कार्ड का भी लाभ मरीजों को देने के निर्देश दिए हैं। इस अवसर पर बगीचा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के बीएमओ ड सुनील लकड़ा और स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित थे।

### विद्यार्थियों को जनजाति गौरव के इतिहास की दी जानकारी

# भगवान बिरसा मुंडा की जयंती पर किया गया नमन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिर्रा



विकास खंड शिक्षा अधिकारी रत्ना थवाईत के आदेशानुसार 15 नवंबर को भगवान बिरसा मुंडा के 150वीं जयंती के अवसर पर जनजाति गौरव पखवाड़ा दिवस के दिन शासकीय प्राथमिक पूर्व माध्यमिक शाला सेमरिया, विकास खंड बम्हनीडीह में प्रार्थना के समय विद्यार्थियों को भगवान बिरसा मुंडा एवं जनजाति गौरव दिवस का वाचन शिक्षक पितांबर प्रसाद कश्यप ने पढ़कर सुनाया।

शिक्षक पितांबर प्रसाद कश्यप ने जनजातीय गौरव दिवस का वाचन करते हुए कहा कि आज हम 15 नवंबर जनजातीय गौरव दिवस मना रहे हैं। यह दिन महान जनजातीय नायक भगवान बिरसा मुंडा की जयंती पर आधारित है बिरसा मुंडा ने अंग्रेजों के अत्याचार के विरुद्ध उलगुलान आंदोलन चलाया। उन्होंने जनजातीय समाज को एकता, स्वाभिमान और अपने अधिकारों की रक्षा के लिए प्रेरित किया। बिरसा मुंडा ने जंगल, जमीन और संस्कृति को बचाने का संदेश दिया जो आज भी हमारे लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। इस दिवस का मुख्य उद्देश्य है जनजाति नायकों के बलिदान को याद करना, उनके संस्कृति को सम्मान देना और युवाओं को उनके आदर्शों से जोड़ना। भारत के कई जनजातीय नायकों ने स्वतंत्रता संग्राम को नई दिशा दी। रानी दुर्गावती, टंट्या भील, सीदो कानों, बुधु भगत जैसे वीरों ने अन्याय के खिलाफ संघर्ष किया और समाज को जागृत किया। छत्तीसगढ़ भी जनजातीय वीरों की गौरवशाली भूमि है। वीर नारायण सिंह सोनाखान ने 1857 में अंग्रेजों के अत्याचार के खिलाफ विद्रोह किया और भूख से पीड़ित जनता की सहायता के लिए अपना जीवन बलिदान कर दिया। गुंडाधुर ने 1910 के भुमकाल विद्रोह का नेतृत्व किया और जल, जंगल, जमीन पर जनजाति समाज के अधिकारों की रक्षा के लिए बड़ा आंदोलन खड़ा किया। छत्तीसगढ़ की गोंड़, मुरिया, हल्का, बैगा जैसी जनजातियां अपनी कला, नृत्य, संस्कृति और प्रकृति प्रेम के लिए जानी जाती है इनकी परंपराएं हमें सरलता सामूहिकता और पर्यावरण संरक्षण का मूल्य सिखाती है। इस अवसर पर विद्यालय के छात्र छात्राएं एवं शिक्षक उपस्थित थे।

